# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

## मंगलवार, दिनांक 15 मार्च, 2022 (फाल्गुन 24, शक संवत् 1943)

**विधान सभा पूर्वाह्न 11:01 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री गिरीश गौतम) पीठासीन हुए.**

### 1. प्रश्नोत्तर

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित प्रश्नों में से 14 प्रश्नों (प्रश्न संख्या 1, 3, 4, 5, 6, 7, 9, 10, 11, 12, 13, 17, 20 एवं 22) पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गये तथा उनके उत्तर दिये गये. प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रूप में परिवर्तित 145 तारांकित प्रश्नों के उत्तर तथा 191 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे.

### 2. अध्यक्षीय घोषणा

**समस्त महिला सदस्यों एवं प्रथम बार के सदस्यों के ही प्रश्नों को प्रश्नकाल में लिया जाना**

आसंदी द्वारा यह घोषणा की गई कि - "मुझे आपको अवगत करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आज विशेष रूप से प्रश्नकाल में महिला सदस्यों द्वारा लगाये गये सभी सात प्रश्नों को एवं प्रथम बार के विधायकों के प्रश्नों को लाटरी निकाल कर लिया गया है. परन्तु, चिन्ता का विषय हम सब के लिये यह है कि इनमें से आज 7 सदस्य अनुपस्थित हैं."

डॉ. नरोत्तम मिश्र, संसदीय कार्य मंत्री ने आसंदी को नई परम्परा प्रारंभ करने के उपलक्ष्य में उन्हें बधाई दी. डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य ने आसंदी को आश्वस्त किया कि माननीय सदस्यगण उपस्थित रहे, इसका हम सब ध्यान रखेंगे.

### 3. नियम 267-क के अधीन विषय

अध्यक्ष महोदय द्वारा की गई घोषणानुसार -

(1) डॉ. सतीश सिंह सिकरवार, सदस्य की ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के कई मोहल्लों में एल.ई. डी. लाईट नहीं लगाये जाने से मोहल्ले अंधकारमय होने,

(2) डॉ.सीतासरन शर्मा, सदस्य की नर्मदापुरम् में हॉकी खिलाडियों की सुविधा हेतु लगाये गये एस्ट्रोटर्फ पर स्पिंकल से पानी का छिड़काव न किये जाने,

(3) श्री बहादुर सिंह चौहान, सदस्य की महिदपुर में गाईन से कम मूल्य पर रजिस्ट्री कर शासन की राजस्व हानि पहुंचाई जाने,

(4) श्री कमलेश्वर पटेल, सदस्य की सीधी शहर के फुटकर थोक सब्जी एवं फल विक्रेताओं को यथावत पूर्व स्थान जहां अधोसंरचना निर्मित है, नहीं रखे जाने,

(5) श्री मनोज चावला, सदस्य की ग्राम टिकरी तहसील मनगवां जिला रीवा की शासकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाये जाने,

(6) डॉ. योगेश पण्डाग्रे, सदस्य की वर्धा बांध जिला बैतूल, उदवहन सिंचाई योजना अंतर्गत विभिन्न ग्रामों के किसानों की भूमि सिंचाई से वंचित होने,

(7) श्री प्रताप ग्रेवाल, सदस्य की राजगढ़ जिला धार की कृषि उपजमंडी में हटाये गये तुलावटियों को पुन: कार्य पर रखे जाने,

(8) श्री कुंवर सिंह तेकाम, सदस्य की जिला सीधी ग्राम हरदी तहसील कुसमी निवासी श्री मनीष कुमार सिंह की सड़क दुर्घटना में मृत्यु उपरांत उनके वारिस को सहायता राशि न मिलने,

(9) श्री सुनील सराफ, सदस्य की उज्जैन के विस्तारीकरण के नाम पर इतिहास को समाप्त किये जाने तथा

(10) श्री संजय सत्येन्द्र पाठक, सदस्य की कटनी जिले की विधान सभा क्षेत्र विजय राघौगढ़ में आंगनवाड़ी भवन बनाये जाने

संबंधी नियम 267-क के अधीन शून्यकाल की सूचनाएं प्रस्तुत हुईं मानी गईं.

## 4. शून्यकाल में मौखिक उल्लेख

### कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाना

श्री पी.सी. शर्मा, श्री सज्जन सिंह वर्मा, डॉ. गोविन्द सिंह, श्री कमलेश्वर पटेल एवं श्री नर्मदा प्रसाद प्रजापति, सदस्यगण द्वारा उल्लेख किया गया कि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करें. कई प्रदेशों ने कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल कर दी है और मध्यप्रदेश सरकार नहीं कर रही है इस संबंध में हम लोगों के द्वारा दिये गये ध्यानाकर्षण सूचना पर चर्चा करायें. तदुपरांत श्री नर्मदा प्रसाद प्रजापति (एन.पी.), सदस्य के नेतृत्व में इण्डियन नेशनल कांग्रेस के सदस्यगण द्वारा पुरानी पेंशन बहाल न करने के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया गया.

## 5. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री जगदीश देवड़ा, वित्त मंत्री ने पांचवें राज्य वित्त आयोग मध्यप्रदेश का प्रतिवेदन खण्ड 1 तथा 2 (अप्रैल, 2019) तथा प्रतिवेदन पर राज्य शासन द्वारा कृत कार्यवाही पटल पर रखे.

(2) श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, खनिज साधन मंत्री ने जिला खनिज प्रतिष्ठान, जिला पन्ना, ग्वालियर, कटनी एवं नरसिंहपुर का वार्षिक प्रतिवेदन, वर्ष 2020-21 पटल पर रखा.

## 6. ध्यानाकर्षण

(1) सुश्री हिना लिखीराम कावरे तथा श्री शरद जुगलाल कोल, सदस्यगण ने प्रदेश के स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को साइकिल का वितरण न किये जाने की ओर राज्यमंत्री स्कूल शिक्षा का ध्यान आकर्षित किया.

श्री इन्दर सिंह परमार, राज्यमंत्री स्कूल शिक्षा ने चर्चा का उत्तर दिया.

(2) सर्वश्री दिव्यराज सिंह, पंचूलाल प्रजापति तथा राजेन्द्र शुक्ल, सदस्यगण रीवा जिले की नईगढ़ी माइक्रो सिंचाई परियोजना का कार्य पूर्ण न होने से उत्पन्न स्थिति की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित किया.

श्री तुलसीराम सिलावट, जल संसाधन मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया.

## 7. अनुपस्थिति की अनुज्ञा

अध्यक्ष महोदय ने निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 215 घट्टिया (अ.जा.) से निर्वाचित सदस्य, श्री रामलाल मालवीय को विधान सभा के मार्च, 2022 सत्र की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा प्रदान की.

## 8. प्रतिवेदनों की प्रस्तुति

श्री जालम सिंह पटेल, सभापति ने शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति का द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ प्रतिवेदन प्रस्तुत किये.

## 9. याचिकाओं की प्रस्तुति

अध्यक्ष महोदय द्वारा की गई घोषणानुसार, दैनिक कार्यसूची में उल्लिखित सदस्यों द्वारा याचिकाएं प्रस्तुत हुई मानी गईं :-

(1) श्री देवेन्द्र सिंह पटेल (जिला-भोपाल एवं रायसेन)
(2) श्री केदारनाथ शुक्ल (जिला-सीधी)
(3) डॉ. सतीश सिकरवार (जिला-ग्वालियर)
(4) श्री हर्ष यादव (जिला-सागर)
(5) श्री पी.सी. शर्मा (जिला-भोपाल शहर)
(6) श्री यशपाल सिंह सिसौदिया (जिला-मन्दसौर)
(7) श्री राहुल सिंह लोधी (जिला-टीकमगढ़)
(8) श्री धर्मेन्द्र भावसिंह लोधी (जिला-दमोह)
(9) इंजी. प्रदीप लारिया (जिला-सागर)
(10) श्री बापू सिंह तंवर (जिला-राजगढ़)
(11) श्री हर्ष विजय गेहलोत (जिला-रतलाम)
(12) श्री महेश परमार (जिला-उज्जैन)
(13) श्री मुरली मोरवाल (जिला-उज्जैन)
(14) श्री मनोज चावला (जिला-रतलाम)
(15) श्री मुकेश रावत (पटेल) (जिला-अलीराजपुर)
(16) श्री आरिफ मसूद (जिला-भोपाल शहर)
(17) श्री संजय यादव (जिला-जबलपुर)
(18) श्री सुरेश राजे (जिला-ग्वालियर)

(19) श्री आशीष गोविन्द शर्मा (जिला-भोपाल शहर)
(20) श्री दिलीप सिंह परिहार (जिला-नीमच)
(21) श्रीमती झूमा डॉ. ध्यानसिंह सोलंकी (जिला-खरगोन)
(22) श्री अनिरुद्ध (माधव) मारू (जिला-नीमच)
(23) श्री अनिल जैन (जिला-निवाड़ी)
(24) श्री आलोक चतुर्वेदी (जिला-छतरपुर शहर)
(25) श्री प्रताप ग्रेवाल (जिला-धार)
(26) श्री बहादुर सिंह चौहान (जिला-उज्जैन)
(27) श्री कुंवरजी कोठार (जिला-राजगढ़)
(28) श्री तरवर सिंह (जिला-सागर)
(29) श्री पुरुषोत्तम लाल तंतुवाय (जिला-दमोह)
(30) श्री जालम सिंह पटेल (जिला-नरसिंहपुर)
(31) श्री रामचन्द्र दांगी (जिला-राजगढ़)
(32) श्री शरद जुगलाल कोल (जिला-शहडोल)
(33) श्री लाखन सिंह यादव (जिला-ग्वालियर)
(34) श्री प्रहलाद लोधी (जिला-पन्ना)
(35) श्री नीरज विनोद दीक्षित (जिला-छतरपुर)
(36) श्री दिनेश राय (जिला-सिवनी)
(37) श्री राज्यवर्धन सिंह (जिला-राजगढ़)
(38) श्री दिलीप सिंह गुर्जर (जिला-उज्जैन)
(39) श्री बैजनाथ कुशवाह (जिला-मुरैना)
(40) श्री प्रदीप अमृतलाल जायसवाल (जिला-बालाघाट)
(41) श्री शैलेन्द्र जैन (जिला-सागर)
(42) श्री शशांक श्रीकृष्ण भार्गव (जिला-विदिशा एवं रायसेन)
(43) डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय (जिला-रतलाम)
(44) श्री रामपाल सिंह (जिला-रायसेन)
(45) श्री पंचूलाल प्रजापति (जिला-रीवा)
(46) श्री ग्यारसीलाल रावत (जिला-बड़वानी)
(47) श्री रवि रमेशचंद्र जोशी (जिला-खरगोन)
(48) श्री नारायण सिंह पट्टा (जिला-मंडला)
(49) श्री निलय विनोद डागा (जिला-बैतूल नगर)
(50) श्री विक्रम सिंह राणा (जिला-आगर-मालवा)
(51) श्रीमती गायत्री राजे पवार (जिला-देवास)
(52) डॉ. शिशुपाल यादव (जिला-टीकमगढ़)
(53) श्री शरदेन्दु तिवारी (जिला-सीधी)
(54) श्री जयसिंह मरावी (जिला-शहडोल)

## 10. वक्तव्य

श्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने दिनांक 2 मार्च, 2021 को पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या 46 (क्रमांक 1683) के उत्तर में संशोधन करने के संबंध में वक्तव्य दिया.

## 11. शासकीय विधि विषयक कार्य

(1) श्री रामखेलावन पटेल, राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज (संशोधन) विधेयक, 2022 (क्रमांक 1 सन् 2022) सदन की अनुमति से पुर:स्थापित किया.

(2) श्री रामखेलावन पटेल, राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2022 (क्रमांक 2 सन् 2022) सदन की अनुमति से पुर:स्थापित किया.

## 12. वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा

श्री जगदीश देवड़ा, वित्त मंत्री द्वारा दिनांक 9 मार्च, 2022 को सदन में उपस्थापित, वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक पर प्रारम्भ हुई सामान्य चर्चा में निम्नलिखित सदस्यगण ने भाग लिया :-

**सभापति महोदया (श्रीमती नंदनी मरावी) पाठासीन हुईं.**

(1) श्री तरूण भनोत

## 13. अध्यक्षीय घोषणा
## माननीय सदस्यों के लिए लॉबी में भोजन की व्यवस्था होना

सभापति महोदया द्वारा घोषणा की गई कि आज भोजनावकाश नहीं होगा, माननीय सदस्यों के लिए भोजन की व्यवस्था सदन की लॉबी में की गई है. माननीय सदस्यगण अपनी सुविधानुसार भोजन ग्रहण करने का कष्ट करें.

## 14. वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा (क्रमशः)

(2) श्री शैलेन्द्र जैन
(3) डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ

**सभापति महोदय (श्री यशपाल सिंह सिसोदिया) पीठासीन हुए.**

(4) श्री बहादुर सिह चौहान

**सभापति महोदय (डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय) पीठासीन हुए.**

(5) श्री लक्ष्मण सिंह

**सभापति महोदय (श्री यशपाल सिंह सिसोदिया) पीठासीन हुए.**

(6) डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय

**अध्यक्ष महोदय (श्री गिरीश गौतम) पीठासीन हुए.**

(7) श्री बाला बच्चन
(8) श्री दिलीप सिंह परिहार
(9) श्री जितु पटवारी
(10) श्री हरिशंकर खटीक

**सभापति महोदय (श्री लक्ष्मण सिंह) पीठासीन हुए.**

(11) श्री संजय यादव
(12) श्री उमाकांत शर्मा
(13) श्री लखन घनघोरिया
(14) श्री अनिरूद्ध माधव मारू

**अध्यक्ष महोदय (श्री गिरीश गौतम) पीठासीन हुए.**

(15) श्री विनय सक्सेना

## 15. अध्यक्षीय घोषणा
## माननीय सदस्यों हेतु स्वल्पाहार की व्यवस्था होना

अध्यक्ष महोदय द्वारा घोषणा की गई कि सदन की लाबी में चाय की व्यवस्था की गई है. माननीय सदस्यगण अपनी सुविधानुसार चाय ग्रहण करने का कष्ट करें.

## 16. वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा (क्रमशः)

(16) श्री जजपाल सिंह

अपराह्न 5.30 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 16 मार्च, 2022 (25 फाल्गुन, शक सम्वत् 1943) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**ए. पी. सिंह,**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल:**
**दिनांक: 15 मार्च, 2022**